राज्य सरकार से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, गत तीन वर्षों के दौरान विदेशी पर्यटकों की संख्या, जिन्होंने राजस्थान की यात्रा की, निम्नलिखित है :--

वर्ष	संख्या
1986	291,763
1987	348,260
1988	366,287

पर्यटन से विदेशी मुद्रा आय का अनुमान अखिल भारतीय आधार पर लगाया जाता है न कि राज्य/स्थान-वार आधार पर ।

दिल्ली परिवहन निगम की रूट गाइड के हिन्दी संस्करण का प्रकाशन

2825. **श्री आनन्द प्रकाश गौतम :** क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली परिवहन निगम की रूट गाइड (जुलाई, 1988) का अंग्रेजी संस्करण और फरवरी, 1989 की स्थिति के अनुसार इसका पूरक अंक तो उपलब्ध है, परन्तु इसे अभी तक हमारी राष्ट्रीय भाषा "हिन्दी" में प्रकाशित नहीं किया गया है, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ख) दिल्ली परिवहन निगम द्वारा अपने हिन्दी भाषी यात्रियों की सुविधा के लिए नवीनतम स्थिति के अनुसार बस रूट नं० दोनों दिशाओं में उनके प्रथम और अंतिम फेरे का समय, प्रत्येक रूट पर चलने वाली बसों की संख्या और उनकी बारम्बारता तथा किराया सीमा तालिका को दर्शाने वाली हिन्दी रूट गाइड के कब तक प्रकाशित हो जाने की संभावना है ; और

(ग) क्या सरकार रूट गाइड के साथ साथ एक संशोधित "रूट मानचित्र" भी प्रकाशित करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

जलभूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) और (ख) दिल्ली परिवहन निगम ने सूचित किया है कि अनुवाद की आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और हिन्दी में रूट गाइड उसी पद्धति पर शीघ्र ही तैयार और उपलब्ध कराई जाएगी जिस पद्धति पर इसे अंग्रेजी में प्रकाशित किया गया था ।

(ग) ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है । मौजदा रूट गाइड तथा उसका पूरक संस्करण दिल्ली परिवहन निगम की सेवाओं के बारे में यात्रियों को बुनियादी सूचना सुलभ कराते हैं ।

मध्य प्रदेश के धार जिले में बाघ गुफाओं की ध्वस्त होती जा रही स्थिति

2826. **श्री अजीत जोगी :**
ठाकुर जगतपाल सिंह :

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि : (क) क्या सरकार का ध्यान मध्य प्रदेश के धार जिले की प्रसिद्ध और महत्वपूर्ण "बाघ गुफाओं" की ध्वस्त होती जा रही स्थिति की ओर दिलाया गया है ;

(ख) इन गुफाओं को वर्षा से जो क्षति हो रही है उससे इस धरोहर को बचाने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाये हैं; और

(ग) इस सम्बन्ध में सरकार ने अब तक क्या उपाय किये हैं और इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में संस्कृति विभाग में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) : (क) मध्य प्रदेश की केन्द्र द्वारा संरक्षित बाघ (अर्थात डाइगर) गुफाएं अपकर्ष की स्थिति में नहीं हैं ।

(ख) और (ग) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा गुफाओं के संरक्षण हेतु उठाए